प्रेस नोट

थाना सुमेरपुर **दिनांक 03.09.2024**

थाना सुमेरपुर अंतर्गत पशु मेला मैदान का निरीक्षण

आज दिनांक 03.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत लगने वाले पशु मेला मैदान का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई । साथ ही मेला में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया व मेला में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगाये गये बैरियर, मेला पार्किंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दियें गये तथा मेला में शान्तिपूर्ण वातावरण कायम रखते हुए मेले में आने वाले पशुओं और लोगों की सुरक्षा के लिये कानून व्यवस्था हेतु पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की गई। मेला में विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी सदर सहित समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।